मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-342
12/10/2024

# मुख्यमंत्री ने स्व0 डॉ0 राम मनोहर लोहिया जी की पुण्य तिथि के अवसर पर उनकी आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी

पटना, 12 अक्टूबर 2024 :– महान समाजवादी नेता स्व0 डॉ0 राम मनोहर लोहिया जी की पुण्य तिथि के अवसर पर राज्यपाल श्री राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर एवं मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने उनकी आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। पुण्यतिथि के अवसर पर कंकड़बाग के लोहिया नगर स्थित लोहिया उद्यान में आयोजित राजकीय समारोह में मुख्यमंत्री ने स्व0 डॉ0 राम मनोहर लोहिया जी को नमन कर उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व का स्मरण करते हुए उनके अधूरे कार्यों को पूरा करने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर केन्द्रीय पंचायती राज, मत्स्यपालन, पशुपालन एवं डेयरी मंत्री श्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह, उप मुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी, बिहार विधानसभा के अध्यक्ष श्री नंद किशोर यादव, जल संसाधन एवं संसदीय कार्य मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी, सूचना एवं जन–सम्पर्क मंत्री श्री महेश्वर हजारी, विधान पार्षद श्री संजय कुमार सिंह उर्फ गांधी जी, विधान पार्षद श्री ललन सर्राफ, पूर्व मंत्री श्री श्याम रजक, जदयू के राष्ट्रीय महासचिव श्री मनीष कुमार वर्मा, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ0 एस0 सिद्धार्थ, मुख्यमंत्री के सचिव श्री कुमार रवि, पटना प्रमण्डल के आयुक्त श्री मयंक वरवड़े, पटना के जिलाधिकारी डॉ0 चन्द्रशेखर सिंह, पटना के वरीय पुलिस अधीक्षक श्री राजीव मिश्रा, बिहार राज्य नागरिक परिषद् के पूर्व महासचिव श्री अरविन्द कुमार सहित अनेक सामाजिक एवं राजनीतिक कार्यकर्ताओं ने भी स्व0 डॉ0 राम मनोहर लोहिया जी की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी।

इस अवसर पर सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग के कलाकारों ने आरती–पूजन, बिहार गीत एवं भजन कीर्तन का गायन किया।

******